हैंडआउट

(याद रखने के मुख्य संदेश)

समूह भावना

- समाज में मेरी एक पहचान है क्योंकि
  - मेरा अपना एक नाम है,
  - परिवार है,
  - मैं समाज का एक अभिन्न अंग हूँ,
  - मैं समूह में रहकर भी काम करने में सक्षम हूँ।

- समूह में मिलकर काम करने वाले लोग समाज का ही हिस्सा होते हैं।
- समूह में साथ मिलकर काम करने की कुछ शर्तें होती हैं जैसे :
  - एक-दूसरे के विचारों को सम्मान देना,
  - एक-दूसरे की बात को ध्यान से सुनना व समझना,
  - एक-दूसरे की क्षमताओं को पहचानना और उन्हें महत्व देना,
  - एक-दूसरे को महत्व देना,
  - एक-दूसरे की कमियों को नज़रअंदाज करना।

- जो लोग समूह के साथ काम करते हैं उनका एक उद्देश्य होता है और मिलकर काम करने की भावना होती है।
- जब हम समूह में काम करते हैं तो किसी की क्षमताएं, जवाबदेही, उत्साह और नेतृत्व कौशल टीम के कमजोर साथी को भी सशक्त बना देता है।
- जब हम समूह में काम करते हैं तो समूह की सफलता या असफलता दोनों की ही जिम्मेदारी समूह के प्रत्येक सदस्य की अर्थात् पूरे समूह की होती है।
- किसी भी समूह (टीम) के बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है कि समूह के सभी लोगों का :

- एक-दूसरे का सम्मान करते हो,
- एक-दूसरे पर भरोसा हो,
- समान लक्ष्य हो,
- रचनात्मकता हो,
- क्या किया जा सकता है और क्या नहीं इसकी समझ हो,
- समूह में काम के प्रति समर्पण, प्रतिबद्धता और सामंजस्य हो,
- मिलजुल कर काम करते हो (एक जुटता),
- समान सिद्धांत हो,
- एक तकनीक हो,
- मतभेदों को सुलझाने में सक्षम (टकराव प्रबन्धन) हो,
- सदस्यों को उनकी क्षमता के अनुरूप कार्य दिया जाए,
- कमजोर सदस्यों को सहयोग व प्रोत्साहन दें,
- समूह के संवाद (वार्तालाप) की स्पष्टता होनी जरूरी है। (प्रभावी नेतृत्व)

- समूह कार्य के पूर्व नियोजन करना आवश्यक है :

  - समूह में सभी सदस्य बराबर हैं। लक्ष्य प्राप्ति में सभी की भागीदारी आवश्यक है।
  - समूह कार्य में पारस्परिक सहयोग की भावना आवश्यक है।
  - हर व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्य होते हैं। प्रोत्साहन देकर हम उन्हें इन गुणों को विकसित करने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं।
  - सब मिलकर अपना लक्ष्य अधिक से अधिक हासिल कर सकते हैं।

T	TOGETHER	एक साथ
E	EVERYONE	प्रत्येक सदस्य
A	ACHIEVES	प्राप्त करता है
M	MORE	ज्यादा

❑ ❑ ❑